उद्यमियों को सिखाएंगे निर्यात की बारीकियां

पहल

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

वैश्विक व्यापार के क्षेत्र में परामर्श के लिए प्रसिद्ध प्राइस वाटर हाउस कूपर्स (पीडब्ल्यूसी) के बिजनेस माड्यूल पर प्रदेश में नए निर्यातक तैयार किए जाएंगे। प्रदेश सरकार इंग्लैंड की इस संस्था द्वारा तैयार प्रशिक्षण माड्यूल के आधार पर राज्य के हर जिले में नए निर्यातक तैयार करेगी। पुराने उद्यमियों व निर्यातकों को भी निर्यात की बारीकियां सिखाई जाएंगी। राज्य के एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) को विश्व बाजार में तेजी से फैलाने और पहुंचाने के लिए सोमवार को पीडब्ल्यूसी की सेवाएं लेने का फैसला किया गया है।

राज्य सरकार द्वारा हर जिले को निर्यात हब के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना बनाई गई है। जिसके तहत जिलों में ट्रेड प्रमोशन व फैसिलिटेशन सेंटर की स्थापना की जानी है।

ओडीओपी को प्राथमिकता

निर्यात उत्पादों की संख्या के साथ ही मात्रा बढ़ाने के लिए एक जिला एक उत्पाद (ओपीओपी) को प्राथमिकता दी जाएगी। जिलों के लोकप्रिय ओडीओपी उत्पादों को विश्व बाजार में पहुंचाने के लिए ई-मार्केटिंग के साथ ही हैंड होल्डिंग सपोर्ट भी सरकार देगी।